# फर्जी डीड से ₹6.32 करोड़ मुआवजा हड़पने के मामले में बुजुर्ग गिरफ्तार

**विशेष संवाददाता, रांची**

- धनबाद रिंग रोड जमीन अधिग्रहण मामले में एसीबी ने की कार्रवाई

निगरानी विभाग ने धनबाद रिंग रोड निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान फर्जी दस्तावेजों के सहारे 6.32 करोड़ का सरकारी मुआवजा गबन के आरोपी नरसिंह दास (85) को गिरफ्तार किया है. बिहार के अरवल जिले के परासी थाना के परशुरामपुर गांव से आरोपी को पांच नवंबर 2026 को पकड़ा गया. खुलासा हुआ कि नरसिंह दास ने जिला भू-अर्जन कार्यालय, धनबाद में जाली दस्तावेज पेश कर 6,32,13,585.99 रुपये का अवैध मुआवजा हासिल किया था. उसने मौजा-51, खाता-121 व प्लॉट -1630 की जमीन पर अपना दावा करते हुए फर्जी डीड संख्या 25560 (21 अक्तूबर 1970) का इस्तेमाल किया था. जिला अवर निबंधक कार्यालय के रिकॉर्ड की जांच में पता चला कि उक्त डीड मूल रूप से हराधन महतो एवं अन्य के नाम पर दर्ज थी. जबकि आरोपी ने उसी डीड नंबर से फर्जी दस्तावेज तैयार कराया था. इस मामले में निगरानी थाना कांड 32/16 के तहत भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और एससी/एसटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज हुआ था.

## स्कूटी चोरी व छिनतई के पांच आरोपी गिरफ्तार

**रांची.** स्कूटी चोरी और राहगीरों से छिनतई करनेवाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए गिरोह के सरगना समेत पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस के अनुसार गिरोह के सरगना विष्णु साव और राजन कुमार उर्फ मुखिया मास्टर चाबी से स्कूटी चोरी करते थे. इसके बाद चोरी की स्कूटी से राहगीरों के मोबाइल और नकदी छीन लेते थे. गिरोह के सदस्य निर्माणाधीन मकानों से तांबे के तार भी चोरी करते थे. इनके पास से तीन स्कूटी, दो मोबाइल, 1700 रुपये नकद और एक मास्टर चाबी बरामद की गयी है. गिरोह के पकड़े जाने से चोरी और छिनतई के आठ मामलों का खुलासा हुआ है. इनमें कोतवाली, सुखदेवनगर, पंडरा ओपी और दलादली ओपी में दर्ज मामले शामिल हैं. आरोपियों में न्यू मधुकम निवासी, विष्णु साव (21), राजन कुमार उर्फ मुखिया, रुगड़ीगड़ा निवासी रौनक नायक, रुगड़ीगड़ा के फुटकलकोचा निवासी अर्पित मिंज, न्यू पुलिस लाइन निवासी राहुल कुमार शामिल हैं. छापेमारी में थाना प्रभारी सुनील प्रसाद कुशवाहा, कोतवाली थानेदार सनोज कुमार चौधरी, पंडरा ओपी प्रभारी विवेक कुमार, एसआइ प्रदीप कुमार राय सहित पुलिसकर्मी शामिल थे.

## ट्रैवल्स के संचालकों पर धोखाधड़ी की प्राथमिकी

**रांची.** शुभ यात्रा ट्रैवल्स के मालिक विश्वजीत कुमार सिंह, उनकी पत्नी ज्योति कुमारी और भांजे हर्ष अंकित कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और धमकी देने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है. होटवासी निवासी सूर्यवंश कुमार ने विधानसभा थाना में शिकायत दर्ज करायी है. शिकायतकर्ता के अनुसार उन्होंने अपनी 18 गाड़ियां, जिनकी कुल कीमत 23.15 लाख रुपये है, शुभ यात्रा ट्रैवल्स को किराये पर चलाने के लिए दी थीं. इसके लिए आरोपियों ने अनुबंध कर हर महीने तय किराया देने का आश्वासन दिया था. लेकिन आरोप है कि किराया देने के बजाय आरोपियों ने उनकी गाड़ियां बिना जानकारी के अलग-अलग जगहों पर गिरवी रख दीं और इसके एवज में दूसरे लोगों से पैसे ले लिये. शिकायतकर्ता ने जब गाड़ियों और बकाया किराये की मांग की, तो आरोपी टालमटोल करने लगे. जांच के दौरान पता चला कि आरोपियों ने आधार कार्ड में छेड़छाड़ और फर्जी आरसी तैयार कर कई गाड़ियां बेच दीं या गिरवी रख दी हैं. इनमें चार गाड़ियों का अब तक पता नहीं चल पाया है. आरोप है कि विश्वजीत कुमार सिंह ने शिकायतकर्ता के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी. गौरतलब है कि इससे पहले भी इसी तरह के आरोप में ओरमांझी थाना में मामला दर्ज हुआ था और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था.

## गैस रिसाव से दो मजदूरों की मौत पर एनजीटी सख्त

**रांची.** बोकारो स्थित इएसएल स्टील लिमिटेड (वेदांता आयरन एंड स्टील लिमिटेड की सहायक कंपनी) में गैस रिसाव से दो मजदूरों की मौत के मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने कड़ा रुख अपनाया है. मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लेते हुए एनजीटी की प्रिंसिपल बेंच ने सुनवाई की और पर्यावरण नियमों के संभावित उल्लंघन को लेकर संबंधित प्राधिकारियों को नोटिस जारी किया है. नोटिस झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के रांची क्षेत्रीय कार्यालय तथा बोकारो के उपायुक्त को जारी किया गया है. चेयरपर्सन जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव और एक्सपर्ट मेंबर डॉ अफरोज अहमद की पीठ ने पाया कि घटना में पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के संभावित उल्लंघन का मामला बनता है. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, प्लांट में कार्बन मोनोऑक्साइड गैस की चपेट में आने से दोनों मजदूरों की मौत हुई थी.

---

**IN R.P. NO. 687/2019**

**SUMMON**

(See Rule 83 of the Second Schedule as referred to in Section 29 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993)

**COURT OF THE RECOVERY OFFICER**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL**
(Government of India, Ministry of Finance)
5th Floor, Pragati Sadan, RRDA Building, Kutchery Chowk, Ranchi-834001 (Jharkhand)

To,
**(2). Shri Deepak Chaudhary,** (Proprietor of M/s Samridhi Steel),
S/o Late Ramlakhan Chaudhary, R/o-2K and / 3K-10, Harmu Housing Colony, Ranchi, P.O. + P.S. Agrora, Dist.-Ranchi, Pin-834001, Jharkhand.

Whereas your attendance is required in the Recovery proceedings No. 687 of 2019 arising out of O.A. Case No. 322 of 2018 in the matter of Punjab National Bank at Gagroy Market, Main Road, Ranchi Vs. M/s Samridhi Steel & Others.

You are hereby required to appear personally before this Court on 21.01.2027 at 11:30 A.M. for disclosing the detail or your personal property & explain on affidavit how you will liquidate the certificate dues.

If you fail to comply without any lawful ground you will be subject to the consequences of non-attendance as per Rule 83 of the Second Schedule as referred to in Section 29 of the Recovery of Debts Due to Banks & Financial Act, 1993.

Given under my hand and seal at Ranchi on this the 21st August, 2026.

**Sd/- RECOVERY OFFICER-I**

---

**भारत सरकार**
## आयुष मंत्रालय
**रिक्ति परिपत्र**

**विषयः केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (CCRH), नई दिल्ली में महानिदेशक के एक (01) पद को प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक संविदा के आधार पर भरने के संबंध में.**

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त अनुसंधान संगठन, केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (CCRH), नई दिल्ली में महानिदेशक के एक (01) पद को भरने का प्रस्ताव है.

उक्त पद 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के स्तर-14 (₹1,44,200–₹2,18,200) में है. इस पद पर नियमानुसार स्वीकार्य गैर-अभ्यास भत्ता (NPA) एवं अन्य भत्ते देय होंगे. पद को प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक संविदा के आधार पर पाँच (05) वर्ष की अवधि अथवा पदधारी की अधिवर्षिता आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, भरा जाएगा.

पात्रता की विस्तृत शर्तें तथा निर्धारित आवेदन प्रारूप क्रमशः अनुलग्नक-I एवं अनुलग्नक-II में उपलब्ध हैं. ये आयुष मंत्रालय की वेबसाइट (https://ayush.gov.in) तथा केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद की वेबसाइट (https://ccrhindia.ayush.gov.in) पर भी उपलब्ध हैं.

पात्र अभ्यर्थी अपना पूर्ण आवेदन उचित माध्यम से अग्रेषित कर अवर सचिव, होम्योपैथी अनुभाग, आयुष मंत्रालय, आयुष भवन, बी-ब्लॉक, जीपीओ कॉम्प्लेक्स, आईएनए, नई दिल्ली-110023 (दूरभाषः 011-24651970) को रोजगार समाचार में इस रिक्ति परिपत्र के प्रकाशन की तिथि से 45 दिनों के भीतर भेजें. अग्रिम आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे तथा निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा.

**CBC 17201/11/0021/2627**

---

सं. Admin-11011(13)/2/2024-eoffice
**भारत सरकार**
## स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
## स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय
**केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन**
**(औषधि अनुभाग)**
**********

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) के आधार पर नीचे दिए गए पदों को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। कैडर प्राधिकरणों/विभाग प्रमुखों से अनुरोध है कि वे उन योग्य और इच्छुक उम्मीदवारों के आवेदन भेजें, जिनकी सेवाएं इस पद पर प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) के लिए उपलब्ध कराई जा सकती हैं। आवेदन इम्प्लॉयमेंट न्यूज में इस विज्ञापन के प्रकाशित होने की तारीख से 45 दिनों के भीतर उप निदेशक (प्रशासन), केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन मुख्यालय, एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-110002 तक पहुँच जाने चाहिए।

2. अधिक जानकारी के लिए कृपया मंत्रालय की वेबसाइट https://mohfw.gov.in या सीडीएससीओ की वेबसाइट https://cdsco.gov.in देखें।

| क्रम सं. | पद का नाम | 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन | पदों की सं. | वह कार्यालय जिसके लिए पद भरा जा रहा है |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अतिरिक्त औषधि नियंत्रक (I) | 7वें CPC का वेतन स्तर 13 ए (रु. 131100 - 216600) | 1 (एक) | केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन |
| 2. | संयुक्त औषधि नियंत्रक (I) | 7वें CPC का वेतन स्तर 13 (रु. 123100-215900) | 4 (चार) | -वही- |
| 3. | उप औषधि नियंत्रक (I) | 7वें CPC का वेतन स्तर 12 (रु. 78800 - 209200) | 9 (नौ) | -वही- |

उप निदेशक, प्रशासन (औषधि)
सी.डी.एस.सी.ओ (मुख्यालय), स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली-11

**CBC 17194/11/0026/2627**

---

## कोयला खान भविष्य निधि संगठन
(भारत सरकार कोयला मंत्रालय का एक सांविधिक निकाय)
**क्षेत्रीय कार्यालय, धनबाद-I**

सामाजिक सुरक्षा संगठन
Social Security Organization

पता- पुलिस लाईन, धनबाद पिन-826014 (झारखण्ड)
फोन नं०-0326-2203241
Website:- www.cmpfo.gov.in

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा यह सूचित करना है कि **भारत सरकार द्वारा डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान, 5.0** दिनांक **1 नवम्बर से 30 नवम्बर** तक पेंशनर्स की सूविधा हेतू चलाया जा रहा है। **क्षेत्रीय कार्यालय, धनबाद-1, कोयला खान भविष्य निधि संगठन द्वारा भी कोल पेंशनर्स के लिए एक मुहिम चलाने का निर्णय लिया गया है।** इस अभियान द्वारा सभी आयु वर्ग / लाचार / बिमार पेंशनर्स को सूविधा प्रदान किया जाना है ताकि वों अपना जीवन प्रमाण पत्र निर्धारित प्रक्रिया को अपना कर सरलता से घर बैठे भी जमा कर सकते है साथ ही उन्हें किसी प्रकार का कागजात कही नहीं जमा करना है। कोयला खान भविष्य निधि संगठन, मुख्यालय के निर्देश के तहत कोल इंडिया के अनुषंगी कम्पनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड अंतर्गत आने वाले कोल एरिया जो क्षेत्रीय कार्यालय, धनबाद 1 के क्षेत्राधिकार में आतें है वहां पर जागरूकता अभियान का कार्यक्रम तय किया गया है। डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के जागरूकता अभियान तिथि अनुसार कोल एरिया में किया जाना है जो इस प्रकार है:-

| क्रम सं० | कोल एरिया का नाम | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | Bastacolla Area (Area-IX) | **23.11.2026** समयः 11.30 पूर्वाह्न स्थान :- CCWO |
| 2 | Independent Units (BCCL, Hqrs, Koyla Bhawan, | |
| 3 | Central Hospital, | |
| 4 | CCWO, CMPDI, BTS, MRS, WCD | |
| 5 | Kusunda Area (Area-VI) | **25.11.2026** समयः 11.30 पूर्वाह्न स्थान :- Kusunda Area |
| 6 | P.B. Area (Area-VII) | |
| 7 | W.J. Area (Area-II) | |
| 8 | E.J. Area & Sudamdih area (Area-XI) | |
| 9 | CV Area (Area-XII) | **27.11.2026** समयः 11.30 पूर्वाह्न स्थान :- CV Area |

उक्त जागरूकता अभियान में तय तिथि के अनुसार पेंशनर्स अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर इसका लाभ प्राप्त कर सकते है। साथ ही यह भी बतलाना है कि डिजिटल प्रमाण पत्र बनाए जाने संबंधी जानकारी संगठन के बेवसाइट और सोशल हैंडल्स आदि पर भी प्राप्त किया जा सकता है।

सभी पेंशनर्स को यह भी सूचित करना है कि पेंशनर्स अपने निवास के पास अवस्थित कोयला खान भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय में संपर्क कर डिजिटल प्रमाण पत्र जमा किए जाने संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते है।

अतः कोयला खान भविष्य निधि संगठन के सभी पेंशनर्स से अनुरोध है कि अपना जीवन प्रमाण पत्र डिजिटल माध्यम से समयानुसार जमा किया जाना सुनिश्चित करें एवं भारत सरकार के साथ साथ कोयला खान भविष्य निधि संगठन के इस अभियान को सफल बनाएँ।

**ह०/ (रवि कुमार सिन्हा)**
**सहायक आयुक्त/ क्षेत्रीय प्रमुख क्षेत्रीय कार्यालय धनबाद -1, धनबाद ।**

पत्रांक :- सीपीएफ/विविध/पत्रा/डीएलसी/धनबाद-1/2026/60
दिनांक :- 05.11.2026

---

## ARMY PUBLIC SCHOOL RANCHI
**(A CBSE AFFILIATED SCHOOL UPTO +2 LEVEL)**
**Dipatoli Cantt, PO- Hotwar, Ranchi, Jharkhand- 834012**

**TENDER NOTICE : SUPPLY OF DESKTOP COMPUTERS**

1. APS Ranchi invites sealed quotations from registered firms/dealers for the **Supply of Desktop Computers at Army Public School Ranchi, Dipatoli Cantt.** The detailed specifications and requirements can be accessed on the School Website **'www.apsranchi.com'**. Clarifications, if any, can be obtained from Tele No. **0651-2273354** and e-mail address **asr8208@gmail.com** during working hours.
2. A two-bid system shall be followed, and quotations will be opened by the procurement committee. All interested firms/dealers should forward their bids separately for the opening of Technical and Commercial Bids, in two separate and sealed envelopes, duly endorsing the name of the work and type of bid on top of the envelope.
3. The firms/dealers are requested to deposit their bids in the separate Technical Bid and Commercial Bid tender boxes kept in the school's Administrative Block by **23rd Nov 2026 by 1400 hrs.**
4. The previous advertisement for the above mentioned job, published on 08 August 2026 is hereby cancelled.

**Abhay Kumar Singh**
**Principal**
**Army Public School Ranchi**

1428/APS/i dt 06 Nov 2026

---

## CANTONMENT BOARD
**RAMGARH, JHARKHAND-829122**

A walk in Interview will be held on 12.11.2026 at Office of Cantt Board, Ramgarh to engage a GDMO on Contractual basis for UAAM (Urban Ayush Arogya Mandir) Detailed terms and condition are available on website : www.ramgarh.cantt.gov.in

पत्रांक : H/II/19/UAAM/2026/01
दिनांक : 06 नवम्बर, 2026

**Sd/-Chief Executive Officer**
Ramgarh Cantt., Jharkhand

---

## महानिदेशालय कार्यालय असम राइफल्स, शिलांग-793010

### असम राइफल्स तकनीकी एवं ट्रेड्समैन भर्ती रैली - 2026 के रद्द होने की सूचना

असम राइफल्स तकनीकी एवं ट्रेड्समैन भर्ती रैली - 2026 के संबंध में 25 सितंबर 2026 को स्थानीय समाचार पत्रों और असम राइफल्स की आधिकारिक वैबसाइट (www.assamrifles.gov.in) पर प्रकाशित विज्ञापन, जिसमें आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई थी, **एतद्द्वारा रद्द किया जाता है।** असम राइफल्स तकनीकी एवं ट्रेड्समैन भर्ती रैली - 2026 के लिए एक नया विज्ञापन यथाशीघ्र प्रकाशित किया जाएगा। नए विज्ञापन के प्रकाशन के बाद ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पुन: खोल दिया जाएगा और योग्य उम्मीदवारों द्वारा आवेदन जमा करने के लिए विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से एक माह की अवधि तक यह पोर्टल उपलब्ध रहेगा। असम राइफल्स तकनीकी एवं ट्रेड्समैन भर्ती रैली - 2026 दिनांक 28 सितंबर 2026 के संबंध में पूर्व विज्ञापन के आधार पर उम्मीदवारों द्वारा जमा किया गया 100/- रुपये (केवल एक सौ रुपये) का आवेदन शुल्क भगतानकर्ता के खाते में वापस कर दिया जाएगा।

हस्ताक्षर/-
(सुनील कुमार)
2आईसी
स्टॉफ ऑफिसर-1 (भर्ती)
वास्ते, ब्रिगेडियर (पर्सनल)

---

## पूर्वोत्तर आयुर्वेद और लोक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान
**(आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान)**
**NORTH EASTERN INSTITUTE OF AYURVEDA & FOLK MEDICINE RESEARCH**
**(An Autonomous Institute under the Ministry of Ayush, Government of India)**

फाइल सं. RH-15017/1/2025-NEIAFMR-RW/ दिनांकः पासीघाट, 12 अक्टूबर 2026

### विज्ञापन संख्या 04/2026
### वॉक-इन-इंटरव्यू

एनएमपीबी द्वारा वित्तपोषित परियोजना "एनईआईएएफएमआर कैंपस, पासीघाट, अरुणाचल प्रदेश में स्थित में क्षेत्रीय कच्ची औषधि भंडार की स्थापना" के अंतर्गत, निम्नलिखित अस्थायी परियोजना-आधारित पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों के चयन हेतु **09.11.2026 को सुबह 10:30 बजे** एनईआईएएफएमआर, पासीघाट, अरुणाचल प्रदेश में 'वॉक-इन-इंटरव्यू' आयोजित किया जाएगा :

1. प्रोजेक्ट एसोसिएट-II (टैक्सोनॉमी) - 01 पद
2. प्रोजेक्ट एसोसिएट-II (फार्माकोग्नॉसी) - 01 पद
3. प्रोजेक्ट एसोसिएट-I (रसायन विज्ञान) - 01 पद
4. प्रोजेक्ट एसोसिएट-I (माइक्रोबायोलॉजी) - 01 पद
5. प्रोजेक्ट एसोसिएट-I (आईटी) - 01 पद
6. वैज्ञानिक प्रशासनिक सहायक - 01 पद
7. फील्ड वर्कर - 02 पद

पद-वार योग्यता, अनुभव, आयु सीमा और पारिश्रमिक (वेतन) की जानकारी संस्थान की वेबसाइट www.neiafmr.org.in पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन में दी गई है.

इच्छुक और योग्य उम्मीदवार निर्धारित आवेदन पत्र और अपने मूल प्रमाण-पत्रों के साथ ऊपर बताई गई तिथि और समय पर साक्षात्कार (इंटरव्यू) के लिए उपस्थित हो सकते हैं.

**नोटः** ये नियुक्तियाँ पूर्णतः अस्थायी और संविदात्मक हैं, जो परियोजना की अवधि तक ही रहेंगी. नियमित नियुक्ति के लिए किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा. साक्षात्कार में शामिल होने के लिए कोई टीए/डीए देय नहीं होगा.

निदेशक (प्रभारी)
एनईआईएएफएमआर, पासीघाट

**CBC 17218/11/0006/2627**

---

## पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! | punjab national bank ...the name you can BANK upon!

**ARMB रॉंची (पता: एस. एन. गांगुली रोड, राधेश्याम लेन, रांची, जिला - रॉंची, झारखंड - 834001 | फोन: 7300705205, ई-मेल: cs6794@pnb.bank.in**

### अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (पर्वतन) नियम 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठित तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना.

एतद् द्वारा सामान्य रूप से आम जनता को एवं विशेष रूप से उधारकर्त्ताओं एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों को सुरक्षित लेनदार को बंधक/प्रभारित किया गया है, जिसका रचनात्मक / भौतिक / सांकेतिक जो भी लागू हो जिसका कब्जा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी / प्रतिभूति लेनदार द्वारा लिया गया है। संबंधित उधारकर्त्ताओं एवं जमानतदारों से बैंक / सुरक्षित लेनदार होने के कारण अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दिये गये सूची में उल्लिखित तिथि पर **''जहाँ है'', ''जैसा भी है'' और ''जो कुछ भी है''** के आधार पर बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य और अग्रधन जमा राशि संबंधित सम्पत्तियों के सामने नीचे दिये गये सूची में उल्लिखित है।

| क्र. सं. | शाखा का नाम / खाता का नाम / उधारकर्ता / जमानतदारों के खाता का नाम एवं पता | बंधक / स्वामी के नाम के अचल सम्पत्तियों का विवरण [बंधककर्ता की सम्पत्ति (यों)] | A) 13(2) सरफेसी अधिनियम के तहत मांग सूचना की तिथि; B) मांग सूचना की तिथि तक बकाया राशि; C) कब्जा की तिथि 13(4) सरफेसी अधिनियम 2002 के अनुसार; D) कब्जा का प्रकार सांकेतिक / भौतिक / रचनात्मक; E) 31.10.2026 तक बकाया राशि | A) आरक्षित मूल्य (रु. लाख में); B) इएमडी राशि; C) बोली वृद्धि राशि; D) Baanknet सम्पत्ति आईडी | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **शाखा कार्यालय: कचहरी रोड, जिला-रांची** (032710) / **मेसर्स शंकर टेलीकॉन प्रा. लि.** / **मेसर्स शंकर टेलीकॉन प्रा. लि. अरविन्द कुमार सिंह एवं बबीता सिंह** कुमार निवास, शक्ति कुंज, चेसायर होम रोड, बरियातु, रांची - 834009 | **सम्पति संख्या 1:** सेल डीड संख्या 4394/5032 दिनांक 12.03.2008 के आधार पर अरविंद कुमार सिंह एवं बबीता सिंह के नाम पर निबंधित आवासीय संपति का सभी अंश एवं भाग, जिसका कुल क्षेत्रफल 1800 वर्गफीट (2 कट्ठा 8 छटाक) है, जो प्लॉट संख्या 474 का भाग, 474/बी, खाता संख्या 74, मौजा - गारी, थाना संख्या 194, थाना - सदर, जिला - रॉंची, वार्ड संख्या 6 में स्थित है। **संपत्ति की चौहद्दी निम्न प्रकार है: उत्तर** - संजय यादव, **दक्षिण** - प्लॉट संख्या 474 का भाग रीना सिंह, **पूरब** - सीता राम महतो, **पश्चिम** - सड़क एवं खुटालू महतो का प्लॉट. **सम्पति संख्या 2:** सेल डीड संख्या 24357/21172 दिनांक 22.12.2009 के आधार पर बबीता सिंह के नाम पर निबंधित आवासीय संपति का सभी अंश एवं भाग, जिसका कुल क्षेत्रफल 1800 वर्गफीट (2 कट्ठा 8 छटाक) है, जो प्लॉट संख्या 474 का भाग, 474/बी, खाता संख्या 74, मौजा - गारी, थाना संख्या 194, थाना - सदर, जिला - रॉंची, वार्ड संख्या 6 में स्थित है। **संपत्ति की चौहद्दी निम्न प्रकार है: उत्तर** - 10 फीट की प्रस्तावित सड़क, **दक्षिण** - सीता राम महतो, **पूरब** - उप प्लॉट संख्या 474/भाग, **पश्चिम** - उप प्लॉट संख्या 474/भाग, श्रीमती तारा देवी. | A) 11.09.2025; B) Rs. 2,87,59,078.99 + अतिरिक्त ब्याज; C) 23.03.2026; D) सांकेतिक कब्जा; E) Rs. 2,54,87,890.06 | A) Rs. 73,72,000.00; B) Rs. 7,37,200.00; C) Rs. 50,000.00; D) PUNBABA47694876 | 26.11.2026 from 11:00 AM to 04:00 PM |

**प्रतिभूति लेनदार को ज्ञात भार का विवरण - बैंक को ज्ञात नहीं**

**ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें:**

बिक्री सुरक्षा (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियमों एवं शर्तों के अधीन होगा और निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा।
01. सम्पत्तियों को **''जहाँ है'', ''जैसा भी है'' और ''जो कुछ भी है''** के आधार पर बेचा जा रहा है।
02. अनुसूचि में निर्देशित सुरक्षित परिसम्पत्तियों के विवरण को प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के लिए कहा गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जवादेही नहीं होगा।
03. बिक्री वेबसाइट **https://baanknet.com** पर ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा **दिनांक 26.11.2026 को सुबह 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक की जाएगी।**
04. उपरोक्त उल्लिखित बयाना राशि (EMD) को PSB Alliance Private Limited के E-Wallet में **(https://baanknet.com)** पोर्टल के माध्यम से सीधे जमा किया जाएगा अथवा उसी पोर्टल पर चालान (Challan) उत्पन्न कर, उसमें दिए गए खाते के विवरण के अनुसार RTGS/NEFT के माध्यम से EMD जमा किया जाएगा। यह राशि **दिनांक 25.11.2026 को 16:00 बजे से पूर्व** अनिवार्य रूप से जमा की जानी चाहिए।
05. बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया **https://baanknet.com** और **www.pnbindia.bank.in** पर देखें।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना**

**दिनांक: 05.11.2026, स्थान: रांची** | **नोट: त्रुटि / विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।** | **ह0/- प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक, प्रतिभूति दाता**

---

## बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI
## आंचलिक कार्यालय, रॉंची अंचल
**प्रधान टॉवर्स, ओवरब्रिज के पास, मेन रोड, रॉंची - 834001**

**ई-नीलामी विक्रय सूचना**
**ई-नीलामी की तिथि 09.12.2026**

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। आम जनता तथा विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ, जो सुरक्षित ऋणदाता के पक्ष में बंधक/प्रभारित हैं, जिनका सांकेतिक कब्जा सुरक्षित ऋणदाता **बैंक ऑफ इंडिया** के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को नीचे उल्लिखित उधारकर्ता(ओं) से बैंक ऑफ इंडिया, सुरक्षित ऋणदाता की नीचे उल्लिखित बकाया राशि की वसूली हेतु **"जहाँ है जैसी है", "जो है जैसी है" तथा "जो कुछ भी है उसी आधार पर"** बेचा जाएगा।
आरक्षित मूल्य, ईएमडी राशि एवं संपत्ति का विवरण नीचे उल्लिखित है:

| क्र. सं. | (A) शाखा का नाम (B) खाता/ उधारकर्ता/ जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम (C) संपत्ति आईडी | संपत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि / कब्जा लेने की तिथि / कब्जे की स्थिति / विक्रय सूचना की तिथि | A) आरक्षित मूल्य B) अग्रधन जमा राशि | बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | (A) अपर बाजार शाखा (B) विशाल इंटरप्राइजेज (C) BKIDRANVISH | द्वितीय तल पर स्थित बहुमंजिला व्यावसायिक भवन "प्रसाद कॉम्प्लेक्स" में दुकान संख्या S-4, जिसका सुपर बिल्ट-अप क्षेत्रफल 123 वर्गफुट है, का समतुल्य बंधक (EQM), जो रामचंद्र लेन (श्रद्धानंद रोड), ग्राम- चडरी, थाना संख्या- 199, वार्ड संख्या- 22, थाना- कोतवाली, जिला- रॉंची में स्थित है। | 13(2)- 27.09.2024 / 13(4)- 22.12.2024 / सांकेतिक कब्जा / विक्रय सूचना तिथि 21.10.2026 | A) रु. 8.95 लाख B) रु. 0.90 लाख | रु. 27.17 लाख एवं ब्याज तथा अन्य प्रभार |
| 02 | (A) अपर बाजार शाखा (B) गायत्री सिंह (C) BKIDRANGAYAT | ग्राम- पुंदाग, थाना- जगन्नाथपुर, थाना संख्या- 228, जिला- रॉंची में स्थित, रॉंची नगर निगम के वार्ड संख्या- 36 के अंतर्गत खाता संख्या- 312 में दर्ज आर.एस. प्लॉट संख्या- 1279, उप-प्लॉट संख्या- 1279/A एवं B (आंशिक), कुल रकबा 7.43 डिसमिल भूमि से संबंधित संपूर्ण संपत्ति का समतुल्य बंधक (EQM), जिसकी मालकिन श्रीमती शारदा सिंह, पति श्री सुमन शंकर सिंह हैं। | 13(2)- 23.05.2023 / 13(4)- 22.09.2023 / सांकेतिक कब्जा / विक्रय सूचना तिथि 21.10.2026 | A) रु. 37.26 लाख B) रु. 3.73 लाख | रु. 19.82 लाख एवं ब्याज तथा अन्य प्रभार |

**चल संपत्ति के बिक्री हेतु बिक्री सूचना (Appendix IV A (नियम 8(6) के प्रावधानों को देखें))**
**बैंक के पक्ष में हाइपोथिकेटेड जब्त वाहनों की बिक्री हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना**

जन साधारण को सामान्यतः एवं ऋणियों और जमानतदारों को विशेष तौर पर सूचना दी जाती है कि बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जब्त किये गये निम्न वर्णित वाहनों की बिक्री सार्वजनिक नीलामी द्वारा **"जहाँ है, जिस हालत में है और जो है के आधार पर"** निम्नवर्णित ऋणियों से बैंक ऑफ इंडिया कें निम्नवर्णित बकाया की वसूली हेतु दिनांक **09.12.026** को होगी। आरक्षित मूल्य और ईएमडी का विवरण नीचे तालिका में है।

| क्रं. सं. | (A) शाखा का नाम (B) ऋणकर्ता का नाम | वाहनों का विवरण: रजि नं. / वर्ष | मॉडल / रंग या निर्माण वर्ष | चेसिस संख्या / इंजन संख्या | विक्रय सूचना की तिथि | आरक्षित मूल्य / अग्रधन जमा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 03 | (A) श्यामली शाखा (B) मनोज कुमार गोप | JH 01 CY 0564 / 02.06.2018 | Mahindra MTB Blaz 025 6E1B44250D16B/ 2018 | MA1QDAPHDJ6E98665 / VAZJE15133 | 05.11.2026 | रु. 7.20 लाख / रु. 0.72 लाख |
| 04 | (A) भण्डरा शाखा (B) शुभम कुमार | JH 01 FB 0354 / 18.04.2023 | Tata Nexon XM+S RTNBS6PH2 / 2023 | MAT627071P / REVTRN21BWXK18079 | 05.11.2026 | रु. 5.11 लाख / रु. 0.52 लाख |

**नीलामी ऑनलाइन पोर्टल https://www.baanknet.in के माध्यम से की जाएगी।**
**ई-नीलामी की तिथि एवं समय: 09.12.2026 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक, प्रत्येक बोली पर 5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ।**
**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 08.12.2026 को सायं 05:00 बजे तक।**
**संपत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय: 06.12.2026 को या उससे पहले, शाखा अधिकारियों से परामर्श के पश्चात।**

**संपर्क विवरण :**
**(क्रम संख्या 1 एवं 2 के लिए) संजय बैठा - 76978366649, (क्रम संख्या 3 के लिए) रण अभय सिंह - 7033940639, (क्रम संख्या 4 के लिए) डेविड खालखो - 8809895390**

**नियम एवं शर्तें : 1.** बिक्री के अन्य विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए बैंक ऑफ इंडिया की वेबसाइट **https://www.bankofindia.bank.in** तथा **https://www.baanknet.in** पर दिए गए लिंक को देखें। **2.** सफल क्रेता/उच्चतम बोलीदाता, उच्चतम/सफल बोलीदाता घोषित किए जाने के तुरंत बाद बिक्री मूल्य का 25% (पहले से जमा ईएमडी सहित) जमा करेगा तथा बिक्री आय की शेष 75% राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर भुगतान की जाएगी। यदि सफल बोलीदाता/क्रेता उपर्युक्त निर्धारित समय में बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: ARD, अंचल कार्यालय, अनुप गुप्ता (मुख्य प्रबंधक) - 7772845416, ऋषभ श्रीवास्तव (अधिकारी) मोबाइल. 9852075523**

**नोट: यह उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) के लिए भी एक सूचना है।**

**ह./- अधिकृत अधिकारी**
**बैंक ऑफ इंडिया**

**स्थान: रांची**

विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य है।